PRESS RELEASE

# रेनो इंडिया ने बिल्कुल-नई क्विड को पेश किया

## 1.0ली एम.टी. और 0.8ली दोनों विकल्पों में नया RXL(O) संस्करण पेश किया

➢ **4,00,000 से अधिक प्रसन्न ग्राहकों** के साथ रेनो क्विड भारत में रेनो के लिए सही मायने में एक समीकरण बदलने वाली कार के रूप में उभरकर आयी है
➢ क्लाइंबर संस्करण में **स्पोर्टी सफ़ेद एक्सेंट्स** के साथ नए **अंदरूनी और बाहरी रंगों के मेल-जोल** के साथ और भी अधिक आकर्षक बन गई है
➢ क्लाइंबर संस्करण के लिए रंगों की मज़ेदार रेंज - **डुअल-टोन में काले रंग की छत के साथ मेटल मस्टर्ड और आइस कूल व्हाइट** और **मूनलाइट सिल्वर** और **ज़ांस्कर ब्लू मोनोटोन में**

**नई दिल्ली, 14 मार्च, 2022:** भारत के प्रमुख यूरोपीय ब्रांड, **रेनो** ने आज **रु. 4.49 लाख की शुरुआती कीमत** पर आधुनिक सुविधाओं के साथ बिल्कुल नई क्विड को पेश किया। 2015 में बाज़ार में उतारी गई, **रेनो** क्विड महत्व और अपने वर्ग में कार ख़रीदने की सबसे अच्छी कीमत की पेशकाश करते हुए डिज़ाइन, अभिनवता और आधुनिकता के हिसाब से एक सफल उत्पाद है।

आकर्षण, अभिनवता और किफायती कीमत को ध्यान में रखकर बनायी गई, **4,00,000 से अधिक प्रसन्न ग्राहकों** के साथ क्विड भारत में **रेनो** के लिए सचमुच एक परिवर्तनकारी उत्पाद रही है। उत्पाद की अभिनवताओं के साथ क्विड की अपार सफलता को आगे बढ़ाते रखने की अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए, नई क्विड रेंज अपने महत्व के प्रस्ताव को और भी सशक्त बनाती है और इस उत्पाद और ब्रांड में ग्राहकों के विश्वास को बढ़ाती है।

**मैनुअल और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन विकल्पों** के साथ दोनों **0.8ली और 1.0ली एस.सी.ई. पावरट्रेन** में उपलब्ध, क्लाइंबर रेंज में क्विड में **स्पोर्टी सफ़ेद एक्सेंट्स** के साथ **अंदरूनी और बाहरी रंगों का एक आकर्षक मेल-जोल** है। कार के आकर्षण को और भी बढ़ाते हुए क्विड क्लाइंबर रेंज ग्राहकों को **डुअल-टोन फ्लेक्स व्हील्स** के साथ **डुअल-टोन वाले मेटल मस्टर्ड और आइस कूल व्हाइट काली छत** रंगों में उपलब्ध होगी। क्विड के महत्व के प्रस्ताव को दोनों 0.8ली और 1.0ली एम.टी. पावरट्रेन पर **नए RXL(O)** संस्करण की शुरुआत से और भी बेहतर बनाया गया है। नए RXL(O) संस्करण में स्टाइल और किफ़ायत के पहलू को और भी बढ़ाने वाली विशेषतायें शामिल हैं।

रेनो क्विड भारतीय बाज़ार के लिए सभी मौजूदा सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करती है और सवारियों के साथ-साथ पैदल चलने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए भी पूरा ध्यान देती है। इसमें आगे के दोहरे एयरबैग्स, ए.बी.एस. और ई.बी.डी., सीट बेल्ट रिमाइंडर, ओवरस्पीड अलर्ट, रिवर्स पार्किंग सेंसर और लोड लिमिटर के साथ ड्राइवर साइड पायरो और प्री-टेंशनर जैसी **कई सक्रिय और निष्क्रिय सुरक्षा सुविधायें** शामिल हैं जो सभी वेरिएंट में स्टैंडर्ड फीचर के तौर पर हैं। गाड़ी की सुरक्षा को और भी बेहतर बनाते हुए, नई रेंज **सीट बेल्ट पायरोटेक** और **एक स्टैंडर्ड फीचर के रूप में लोड लिमिटर** से सुसज्जित है।

**एस.यू.वी. से प्रेरित डिज़ाइन** के साथ **अधिक ग्राउंड क्लीयरेंस, अपने वर्ग में सर्वश्रेष्ठ सुविधाओं** और **कार ख़रीदने की एक किफायती क़ीमत** प्रदान करते हुए रेनो क्विड ने भारत में एंट्री सेगमेंट के मायने


Confidential C

ही बदल दिए हैं, जो इसके 98% स्थानिकिकरण के स्तरों द्वारा संभव हुआ है, जो इसे **'मेक इन इंडिया'** का एक एक सशक्त **प्रमाण** भी बनाता है। अपने वर्ग में पहला **8 इंच का टचस्क्रीन मीडियाNAV इवोल्यूशन** एंड्रॉइड ऑटो, ऐप्पल कारप्ले, वीडियो प्लेबैक और वॉयस रिकॉग्निशन के साथ इंफोटेनमेंट को अगले स्तर पर ले जाता है - जो ड्राइवर को सब कुछ नियंत्रित करने में मदद करता है - हाथों के उपयोग के बिना, तेज़ और आसानी से। **सिल्वर स्ट्रीक एल.ई.डी. डी.आर.एल.** एक आकर्षक छवि उत्पन्न करते हैं और कार को एक प्रीमियम आकर्षण प्रदान करते हैं।

यात्रियों को बेहतर आराम प्रदान करते हुए, इसमें **इस वर्ग में अपनी तरह का पहला - गाइडलाइन्स वाला रिवर्स पार्किंग कैमरा** के साथ **इलेक्ट्रिकली एडजस्टेबल ओ.आर.वी.एम.** है जो कम-से-कम जगहों में भी गाड़ी को पार्क करने में मदद करता है। ए.आर.ए.आई. टेस्टिंग सर्टिफिकेशन के अनुसार, प्रदर्शन के मामले में **0.8 ली. वर्ग में** क्विड **22.25 कि.मी./ली. की सबसे अच्छी ईंधन क्षमता** का दावा करती है।

रेनो क्विड की रख-रखाव की लागत केवल **35 पैसे/कि.मी.** ही है। यह 2 साल / 50,000 कि.मी. (जो भी पहले हो) के लिए 5 साल तक के लिए बढ़ाए जाने के विकल्प और रख-रखाव की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए एक ईज़ी केयर पैकेज के साथ कंपनी की ओर से एक व्यापक वारंटी के साथ आती है। वारंटी 24X7 रोड साइड असिस्टेंस (आर.एस.ए.) के साथ बिना किसी अतिरिक्त लागत के भी आती है, जिससे ग्राहक इस ब्रांड को अपनाने के एक अनूठे अनुभव और मन की शांति का आनंद ले सकते हैं।

भारत में अपनी संख्या को बढ़ाने के लिए अपनी तटस्थ उत्पाद आक्रामक रणनीति के साथ, रेनो देश में अपने नेटवर्क की पहुँच में काफी बढ़ोत्तरी कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्राहकों की इस ब्रांड के साथ एक अद्वितीय संबद्धता हो। इस कंपनी ने पिछले दो वर्षों में 150 से अधिक सुविधाओं को शामिल कर अपने नेटवर्क में तेज़ी से वृद्धि की है। आज रेनो इंडिया की 530 सेल्स और 530 से अधिक सर्विस संपर्क केंद्रों की व्यापक उपस्थिति है, जिसमें देश भर में 250 से अधिक वर्कशॉप ऑन व्हील्स (डब्ल्यू.ओ.डब्ल्यू.) और डब्ल्यू.ओ.डब्ल्यू. लाइट स्थान शामिल हैं।

**ABOUT RENAULT**

Renault India Pvt. Ltd. is a fully owned subsidiary of Renault S.A.S. France. Renault India cars are manufactured in the manufacturing facility located in Oragadam, Chennai, with a capacity of 480,000 units per annum. Renault India also has a widespread presence of more than 530 sales and more than 530 service touchpoints, which includes 250+ Workshop On Wheels locations across the country, with benchmark sales and service quality.

Renault India's product line up and services have seen strong recognition among customers and industry experts alike, winning more than 60 titles, making Renault India one of the most awarded automotive brands in a single year in India.

**For Further information, please contact:**
Jatin Aggarwal
Head - Public Affairs and Communication
Renault India Pvt. Ltd.
jatin.aggarwal@renault.com; @RenaultIndiaPR; @RenaultIndia


Confidential C